राजस्थान में पर्यटन का विकास

4159. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के ऐतिहासिक और रेगिस्तानी क्षेत्रों म विदेशी पर्यटकों का आवागमन अधिक रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन क्षेत्रों के विकास के लिए कोई विशेष योजना तैयार की है ;

(ग) यदि हां, तो वे कौन-कौन से क्षेत्र हैं और योजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार ने इस तरह की योजनाओं में राज्य सरकार को हिस्सेदार बनाया है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) सरकार ने विकास के लिए राजस्थान में जैसलमेर-जोधपुर-बीकानेर-बाड़मेर परिपथ अभिनिर्धारित किया है ।

(घ) इस परिपथ का विकास कार्य केन्द्रीय सरकार से प्राप्त सहायता से राज्य सरकार द्वारा आरम्भ किया जाएगा ।

इंडियन एयरलाइन्स और वायुदूत में हड़ताल

4160. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान वायुदूत और एयरलाइन्स में कितनी बार हड़ताल हुई है ;

(ख) इन हड़तालों के क्या कारण थे और इस संबंध में श्रमिकों के साथ हड़तालों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या समझौता किया गया है ; और

(ग) इन हड़तालों के परिणामस्वरूप कितने मानव दिवसों की हानि हुई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) इंडियन एयरलाइन्स में कर्मचारियों द्वारा आन्दोलन करने की कुछ छुट-पुट घटनाओं के अतिरिक्त पिछले दो वर्षों के दौरान अखिल भारतीय स्तर की तीन हड़तालें हुई । इस अवधि के दौरान वायुदूत में कोई हड़ताल नहीं हुई सिवाय इसके कि एक इंजीनियर द्वारा उसे सौंपे गये कतिपय कर्तव्यों का पालन करने से इन्कार करने पर, उसे निलंबित किये जाने के विरुद्ध स्टाफ के एक हिस्से ने 31 जुलाई, 1992 को आन्दोलन कर दिया था ।

इंडियन एयरलाइन्स में जिन कारणों से हड़ताल हुई हैं वे संलग्न विवरण में बताए गए हैं । कर्मचारियों के साथ कोई समझौता नहीं हो सका ।

(ग) इंडियन एयरलाइन्स में हड़तालों के परिणामस्वरूप हुई मानव दिवसों की हानि की संख्या निम्न प्रकार है :—

हड़ताल की तारीख	मानव दिवसों की हानि
11/12-7-90	11, 137
29-11-91	10, 497
11-6-92	12, 493

विवरण

वायु निगम कर्मचारी संगठन/भारतीय विमान तकनीशियन संघ/भारतीय वाणिज्यक